दैनिक भास्कर

पंचकूला में अवैध शराब से भरा छोटा हाथी पकड़ा:178 पेटी अंग्रेजी व बियर बरामद, बरवाला गोदाम से भेजी गई थी खेप

चंडीमंदिर पुलिस ने सूचना पर की कार्रवाई

हरियाणा के पंचकूला स्थित चंडीमंदिर थाना पुलिस ने देर शाम बिना परमिट की 178 पेटी शराब से भरे छोटा हाथी को पकड़ लिया। शराब बरवाला स्थित गोदाम से निकाली गई थी। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर शराब को जब्त कर लिया है। ट्रक चालक की पहचान निशान निवासी जिला रोपड़ पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस मामला दर्ज कर आगामी जांच में जुटी है।

Source:
https://www.bhaskar.com/local/haryana/panchkula/news/panchkula-news-panchkula-crime-news-police-caught-178-box-illigal-liquor-131125933.html